हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 30 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .0 डिग्री

10 सांस्कृतिक त्रिवेणी और लोकगीतों ने मोहा मन



10 महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने का आह्वान



खबर संक्षेप

आज सुबह दो घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

जींद। बुधवार को सुबह छह से आठ बजे तक 33 केवी सब स्टेशन पिंडारा, 33 केवी सीआरएसयू जींद और 33 केवी सिंधवीखेड़ा में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान नए ट्रांसफार्मर को चालू करने के लिए बस बार जोडने का कार्य किया जाएगा। बिजली निगम के एक्सईएन विकास मलिक के अनुसारए कार्य के लिए निर्धारित समय के दौरान संबंधित सब स्टेशनों का परमिट रहेगा। इसके चलते इन सब स्टेशनों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

जींदः संदिग्ध हालात में युवक की मौत

जींद। गांव जुलानी रेलवे फाटक के पास एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के शरीर पर चोट वैगराह के निशान भी नही थे। रेलवे पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर परिजनो को सौंप दिया है। गांव जुलाना निवासी प्रदीप (22) का शव मंगलवार को रेलवे फाटक के निकट पड़ा देखा गया। मृतक के शरीर पर कोई चोट वैगरहा का निशान भी नही था। घटना की सूचना पाकर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

अवैध पिस्तौल तथा जिंदा कारतूस के साथ एक काबू

जींद। डिटेक्टिव स्टाफ ने हांसी रोड मैदा मिल के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि हांसी रोड मैदा मिल के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कारवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

नशीला पदार्थ देकर महिला से दुष्कर्म

जींद। महिला को नशीला पदार्थ दे दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया है। जिला हांसी इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जोगेंद्र नगर निवासी रमेश से जान पहचान रही है। रमेश ने कुछ समय पहले घर बुला लिया। उस दिन कोई नही था। रमेश ने उसे खाने में नशीला पदार्थ खिला दिया। और दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो तथा फोटो बना ली।

सेम नंबर प्लेट की गाड़ी सफीदों में दिखी, केस दर्ज

जींद। गांव हैबतपुर में गाड़ी मकान के बाहर खड़ी थी। उसी गाड़ी के नंबर प्लेट वाली दूसरी गाड़ी सफीदों इलाके में घूमती देखी गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हैबतपुर निवासी रोशनलाल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसके पास आयशर गाड़ी है।

24 बोतल देशी शराब सहित तस्कर दबोचा

कैथल। कैथल सदर थाना पुलिस ने गांव डोहर के कवारतन रोड पर 24 बोतल देशी शराब सहित एक नशा तस्कर काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन थाना पुलिस की टीम सोमवार शाम के समय डोहर गांव में गश्त पर मौजूद थी। उस समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि डोहर गा निवासी राजीव शर्मा 24 बोतल देशी शराब लिए खड़ा है। इसके बाद उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। उसके कब्जे से 24 बोतल जब्त की। इसकी कीमत करीब 2800 रुपये है।



जींद। करवा चौथ पर्व को लेकर सजा बाजार। फोटो :हरिभूमि

करवा चौथ पर्व को लेकर बाजार ग्राहकों से गुलजार

29 अक्टूबर करवा चौथ से होगी दीपावली पर्व त्योहारों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवंबर माह में दीपावली पर्व है। इससे पहले करवा चौथ व्रत, धनतेरस, छोटी दीपावली का पर्व आता है। ऐसे में नवरात्र पर्व के बाद अब बाजार में त्योहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है। इस समय बाजार में करवा चौथ पर्व की खरीददारी को लेकर महिलाओं की विशेष भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों द्वारा भी अलग-अलग वैरायटी के लहंगा, सूट, साड़ी सहित अन्य कई तरह की चीजें महिलाओं को उपलब्ध करवाई जा रही है। दुकानों पर रंग-बिरंगी चूडियां की भरमार है। मेहंदी लगाने से लेकर साड़ी, चूड़ी, कॉस्मेटिक आइटम और ज्यूलरी की दुकानों पर अच्छी खासी खरीददारी करती दिखाई देती हैं। कारोबारियों के अनुसार सामान्य से अब बजार मे 40 प्रतिशत बिक्री बढ़ गई है। बाजार में कपड़े की दुकानों पर भी एक से बढ़ कर डिजायनदार सूटों, लहंगा, चुन्नी तथा साडियों की वैरायटी उपलब्ध है। साथ ही मिठाई तथा ड्राई फ्रूट की बिक्री में भी इजाफा हुआ है।

व्रत करने से पति की लंबी उम्र

हिंदू पंचांग के अनुसार दीपावली छह नवंबर को मनाई जाएगी। इससे पहले करवा चौथ का व्रत 29 अक्टूबर को आ रहा है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार करवा चौथ का व्रत इस बार 29 अक्टूबर को रखा जाएगा। हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ मनाया जाता है। इस साल चतुर्थी तिथि की शुरुआत 29 अक्टूबर को सुबह एक बजकर छह मिनट पर होगी और इसका समापन 29 अक्टूबर को रात 10.9 पर होगा। उदया तिथि के अनुसार करवा चौथ का व्रत 29 अक्टूबर वीरवार को रखा जाएगा। करवा चौथ पूजन मुहूर्त सुबह 6.31 से रात 8.17 तक रहेगा। करवा चौथ की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 38 मिनट से शाम 6 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। इस दिन महिलाएं निर्जला उपवास रखकर करवा माता की उपासना करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को करने से पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

हर जगह अतिक्रमण के कारण जाम से लोग परेशान

त्योहारी सीजन को लेकर इस समय बाजार ग्राहकों से गुलजार हैं। इस समय बाजार में अच्छी भीड़ उमडने लगी है। तांगा चौंक, पंजाबी बाजार, गांधी गली, मेन बाजार, पालिका बाजार, बैंक रोड, कपड़ा मार्केट में लोग खरीदारी के लिए पहुंचने शुरू हो जाते हैं। गोहाना रोड, रानी तालाब, मुख्य बाजार, सफीदों रोड, एसडी स्कूल, सफीदों गेट, पटियाला चौंक हर जगह अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही है।

मुख्य बाजार में दुकानदारों ने किया अतिक्रमण

शहर के मुख्य बाजार में तो अतिक्रमण करने वालों ने हद कर दी है। बाजार में दुकानदारों ने सामान को डिस्पले करने के लिए एक से दो फुट तक अतिक्रमण कर लिया है। शहर थाना के सामने, टाउन हाल की तरफ, तांगा चौक की तरफ व बाजार के अंदर हर जगह अतिक्रमण फैला है। जिस कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दो हजार से दस हजार तक के सूट बाजार में : सैनी

हरी एम्पोरियम के मालिक दीपक सैनी ने बताया कि बाजार में करवा चौथ को लेकर दो हजार से लेकर दस हजार तक सूट उपलब्ध हैं। इसके अलावा पचास हजार रुपये तक के लहंगे भी हैं। सूटों की भी अच्छी वेरायटी उपलब्ध है। जिनकी रेंज 500 से लेकर पांच हजार तक है। कपडा कारोबारियों का कहना है कि अबकी बार अच्छा कारोबार की संभावना है। कारोबार मे इजाफा भी हुआ है।

विधि-विधान से करें करवा चौथ व्रत

करवा चौथ व्रत का आरंभ सूर्योदय से पहले सरगी खाने से होता है। इसे सास अपनी बहू के लिए तैयार करती है। इसमें फल, मेवे, मिठाई और पराठें शामिल होते हैं। जिससे पूरे दिन निर्जला व्रत रखने की शक्ति मिलती है। सरगी के बाद पूरे दिन निर्जला उपवास रखा जाता है और रात को चंद्रोदय के बाद महिलाएं करवे (मिट्टी के पात्र) से जल अर्पित कर व्रत खोलती हैं। करवा चौथ के दिन सुबह ही स्नान कर लेना चाहिए। इसके बाद साफ वस्त्रों को धारण करें। अब पूजा करने के लिए सभी सामग्रियों को एकत्रित कर लें। इसके बाद महिलाएं मुहूर्त के अनुसार पूजा स्थान पर अपना स्थान लें और करवा माता की कथा सुनें। कथा के बाद सभी बड़ों का आशीर्वाद लें और उन्हें शुभकामनाएं दें। इस दौरान एक करवा चावल भरकर उसे दक्षिणा के रूप में रख दें। इसके बाद चांद निकलने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें। फिर चंद्र दर्शन करें। इस दौरान इसी छननी से पति का मुख देखें। अब पति के हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण करें। अंत में करवा को सास या किसी सुहागिन स्त्री को दे दें और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लें।

पहले दिन की कमियों के बाद दूसरे दिन व्यवस्थाएं सुधारने की कवायद

एनक्वास टीम ने नागरिक अस्पताल की टटोली नब्ज, कमियां दूर करने के निर्देश

टीम के दौरे के चलते अस्पताल में व्यवस्थाएं चाक चौबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की टीम ने मंगलवार को दूसरे दिन भी जांच की। टीम ने अस्पताल में व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया और जो छोटी-मोटी खामियां मिली, उसे तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। मंगलवार को टीम खामियां निकालने की बजाए सुझाव देते हुए नजर आई। अस्पताल में पैरासिटामोल (बुखार की गोली) न होने का समाचार प्रकाशित होने के बाद टीम ने निरीक्षण के दौरान कुछ भी बताने से मना किया। बाकायदा अपने साथ पुलिसकर्मियों को भी रखा और साफ कहा कि वो असेसमेंट के लिए आए हैं न कि अस्पताल की कमियां निकालने के लिए। टीम ने वार्डों का एक-एक कर दौरा किया। हालांकि टीम बुधवार को भी अस्पताल का निरीक्षण करेगी और रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपेगी। एनक्वास टीम में शामिल रहे डा. दक्षेश कुमार सोलंकी, डा. मानवप्रीत कौर ढिल्लों, डा. मीना मित्तल ने जांच को लेकर दूसरे दिन भी अलग-अलग कमान संभाली। टीम ने नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग का गहनता से निरीक्षण किया और विभाग को सर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने के लिए सुझाव दिए। निरीक्षण के पहले दिन उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब, फार्मेसी का निरीक्षण किया था वहीं दूसरे दिन नई बिल्डिंग में ओपीडी वार्ड, दवा खिड़की, दवाओं की जानकारी को लेकर चस्पा किए गए बैनर को देखा। टीम के साथ लैब प्रभारी डा. अजय चालिया मौजूद रहे। बाकाायदा मरीजों से भी अस्पताल की व्यस्थाओं के बारे में सवाल किए गए। एनक्वास टीम ने निरीक्षण के दौरान स्टाफ को निर्देश दिए गए कि वो मरीजों के प्रति अपना व्यवहार शालीन बना कर रखें। जो मरीज चल नही सकते, उनको व्हीलचेयर व स्ट्रेचर उपलब्ध कराएं। टीम ने मुख्य वार्डों का भी निरीक्षण किया। जिन स्ट्रेचरों पर कभी कपड़ा नही था, उन स्ट्रेक्चर पर कपड़े थे।



जींद। नागरिक अस्पताल में दवाओं की जानकारी को लेकर चस्पा किए गए बोर्ड को देखते टीम। फोटो :हरिभूमि

टीम के सुझावों पर अमल शुरू : पूनिया

नागरिक अस्पताल के पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि एक्वास टीम तीन दिन के निरीक्षण दौरे पर है। टीम द्वारा अस्पताल प्रशासन को जो-जो सुझाव दिए गए हैं, उन दिशा-निर्देशों की पालना की जाएगी। इस टीम के मेंबर अलग-अलग स्टेट के हैं। डा. दक्षेश गुजरात से हैं जबकि डा. मीना यूपी से हैं। डा. ढिल्लो पंजाब से हैं। अस्पताल में कुल 17 डिपार्टमेंट है और टीम यहां तीन दिन तक एक-एक कर सभी विभागों में जा रही है।

कर्मचारी ड्रेस कोड में दिखे

एनक्वास निरीक्षण को लेकर अस्पताल में व्यवस्थाएं रखी चकाचक टीम के दौरे की पहले ही अस्पताल प्रशासन को सूचना थी। जिसके चलते पहले नागरिक अस्पताल में खामियों को दूर कर व्यवस्था को चाक चौबंद रखा गया। निरीक्षण के दौरान कोई बड़ी खामी नजर न आए, इसका विशेष ध्यान रखा गया। पूरा स्टाफ अलर्ट मोड पर रहा। सभी चिकित्सक व स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मचारी ड्रेस कोड में दिखाई दिए।

होटल में संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

■ चार दोस्तों के साथ होटल में रात को शराब पीते देखा गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नई सब्जी मंडी के निकट होटल में दोस्तों के संग आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर चार युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। चिकित्सक बोर्ड से मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। खटकड़ निवासी नसीब (29) बीती रात अपने दोस्त गांव बरसोला निवासी विरेंद्र, ईगराह निवासी राहुल, जींद निवासी राहुल तथा भिवानी रोड निवासी सन्नी के साथ पुरानी सब्जी मडी के होटल में रूका हुआ था। देर रात तक शराब पीने के दौरान चला। मध्यरात्रि के बाद तबीयत बिगडने पर उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की कोहनी पर चोट का निशान था। छाती से ऊपर का हिस्सा नीला पड़ा हुआ था। मृतक के पिता सतबीर ने संदेह जताया कि उसके बेटे की हत्या चारों ने योजनाबद्ध तरीके से की है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता सतबीर की शिकायत पर विरेंद्र, राहुल, जींद निवासी राहुल तथा सन्नी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। परिजनों ने बताया कि नसीब परिवार का इकलौता चिराग था। गत 25 अक्टूबर को पत्नी, बेटी तथा बेटे को नरवाना बस अड्डे छोडने गया था। वह घर आने के बजाय अपने दोस्त गांव बरसोला निवासी विरेंद्र के पास पहुंच गया। जिसके बाद दोनों ने शराब पी। फिर उसके बाद दोनों नई सब्जी मंडी के निकट होटल में पहुचे। जिसका संचालन आरोपित विरेंद्र का भाई करता है।



शव परिजनों को सौंपा

नसीब की संदिग्ध मौत हो लेकर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम चिकित्सक बोर्ड द्वारा करवाया है। जिसका बिसरा जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा गया है। फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम ने घटना स्थल को जायजा लिया और वहां से सबूतों का जुटाया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। शहर थाना के जांच अधिकारी संजय ने बताया कि मृतक के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। फिलहाल चार लोगों के खिलाफ शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

कोर्ट में क्लर्क लगवाने के नाम पर 5 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कोर्ट में क्लर्क की सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर चंदाना गेट के युवक से 5 लाख की ठगी कर ली। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसका दूर का रिश्तेदार है और उसने साल 2022 में महज 3 माह में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपए लिए। इसके लिए उसने बेटे के शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, फोटो और कोरे कागजात पर हस्ताक्षर भी ले लिए। 5 साल तक भी नौकरी नहीं लगवाई। नौकरी नहीं लगने पर शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी पहले टालमटोल करता रहा। अब पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। अब इस मामले में सिटी थाना पुलिस ने युवक के पिता की शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चंदाना गेट निवासी रामनिवास ने बताया कि साल 2022 में उसकी जान-पहचान के एक व्यक्ति ने उसके 10वीं पास और बेरोजगार बेटे रविंद्र को कोर्ट में क्लर्क के पदक पर सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही थी।

अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग विस में उठाएंगे विधायक हंस

■ लंबित मांगों का समाधान करवाने की प्रतिनिधिमंडल ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ, हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने गुहला विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र हंस से मुलाकात कर अतिथि अध्यापकों को नियमित करने तथा लंबित मांगों का समाधान करवाने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपते आग्रह किया कि वे अतिथि अध्यापकों का मामला विस में उठाकर आवाज पहुंचाएं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने और शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से अतिथि अध्यापकों की नियुक्तियां की गई थीं। संघ का कहना है कि लंबे समय से सेवाएं देने के बावजूद अतिथि अध्यापक नियमितीकरण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने वर्ष 2014 में कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए बनाई गई नीति का उल्लेख करते कहा कि अतिथि अध्यापकों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। संघ ने ज्ञापन में उच्चतम न्यायालय और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णयों का हवाला देते मांग की कि कोर्ट के आदेशों का सम्मान करते अतिथि अध्यापकों की समस्याओं का समाधान किया जाए।



कलायत। आदर्श गांव बालू में बदहाल गलियां। फोटो :हरिभूमि

आदर्श गांव बालू की गलियां बनी तालाब, लोग दुःखी

कलायत। कलायत के आदर्श गांव बालू में बिना बरसात के ही गलियां पिछले कई दिन से कीचड़ के दलदल में तब्दील है। गांव की बिढाण पट्टी में इस जल भराव की स्थिति से हर कोई परेशान है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि गलियों से गुजरना ग्रामीणों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। गंदे पानी और कीचड़ के कारण जहां आवागमन प्रभावित हो रहा है वहीं स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जनसमस्याओं के निवारण को लेकर आरटीई कार्यकर्ता गुरदेव सिंह ने शासन और प्रशासन से गुहार लगाई है। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों पर पानी निकासी और स्वच्छता जैसे अभियानों को गंभीरता से नहीं लेने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से बनी इस समस्या के बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए हैं।

लिंक क्लिक करना पड़ा महंगा,1.75 लाख गायब

जींद। पोस्टमास्टर को व्हाट्सअप पर आए आरटीओ ई चलान के लिंक को क्लिक करना भारी पड़ गया। क्लिक के साथ खाते से एक लाख 75 हजार रुपये गायब हो गए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खरैंटी निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डाक विभाग में पोस्ट मास्टर के पद पर ड्यूटीरत है। गत 25 अक्टूबर को उसके व्हाट्सअप पर आरटीओ ई चलान की फाइल आई। जब उसने लिंक को क्लिक किया तो उसके खाते से पचास हजार रुपये गायब हो गए। जिसके कुछ समय के बाद फिर पचास तथा उसके बाद 75 हजार रुपये गायब हो गए। जब तक वह संभलता तक उसके खाते एक लाख 75 हजार रुपये गायब हो चुके थे। जिस पर उसने फोन को रिसेट कर दिया।

बिजली निगम एक नवंबर से चलाएगा अभियान, सरपंचों का भी लिया जाएगा सहयोग

डिफाल्टरों पर निगम कसेगा शिकंजा, 331 करोड़ बकाया

■ कनेक्शन के लिए परेशानियों का करना पड़ेगा सामना : एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

बिजली निगम नगूरां ने डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसने के लिए रणनीति तैयार कर ली है। इसके लिए निगम एक नवंबर से बड़े स्तर पर डिफाल्टर उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए अभियान चलाएगा और इसमे पंचायत का भी सहयोग लिया जाएगा। बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नंद कुमार ने बताया कि बिजली निगम नगूरां में डिफाल्टर उपभोक्ताओं की तरफ 331 करोड़ बकाया है। ऐसे में निगम एक नवंबर से डिफाल्टर उपभोक्तओं पर शिकंजा कसेगा। निगम ने इसके लिए रणनीति तैयार कर ली। नगूरां निगम की बात करें तो घरेलू उपभोक्ताओं की तरफ 160 करोड़ रुपये, एनडीएस उपभोक्ताओं की तरफ 64 लाख रुपये, एलटी उपभोक्ताओं की तरफ 30 लाख रुपये और एग्रीकल्चर उपभोक्ताओं की तरफ पांच लाख रुपये बकाया हैं। विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने अंत्योदय योजना शुरू की हुई है। इसके लिए उपभोक्ता की आय एक लाख से कम हो और सालाना यूनिट नियमों के अधीन हो। ऐसे उपभोक्ता अपना बिजली का बिल भर कर स्कीम का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यही नही एनडीएस, एलटी और एग्रीकल्चर जैसे बिजली कनेक शनों पर निगम एक नवबंर से घर-घर न जाकर निगम से ही कनेक्शन काटने का काम करेगा। उसके बाद बिजली उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद उपभोक्ताओं ने बिजली का बकाया जमा नही किया है। इन लोगों पर निगम कार्रवाई की रूपरेखा तैयार कर रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के लिए उन्हें चिन्हित करने की कार्रवाई की तैयारी कर जा रही है।



सख्ती से वसूली की जाएगी



बिजली निगम एसडीओ ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने बकाया बिल जमा कर दें। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। बिजली निगम ने स्पष्ट किया है कि आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ अब डिफाल्टर सरकारी विभागों को भी नोटिस जारी कर सख्ती से वसूली की जाएगी।



कैथल। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पहल सिंह कर्मचारियों के साथ।

पहल सिंह फिर बने हरियाणा एटक के प्रदेशाध्यक्ष

कैथल। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का दो दिवसीय प्रतिनिधि सम्मेलन रेवाड़ी जाट धर्मशाला में शानदार ढंग से संपन्न हुआ। राज्य स्तरीय सम्मेलन में पहल सिंह को दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। रेवाड़ी में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन के समापन के बाद कैथल बस स्टैंड पर पहुंचे पहल सिंह तंवर का रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के डिपो प्रधान प्रवीन कयोडक कार्यकारी प्रधान सुशील धोष यूनियन के राज्य नेता कृष्ण रवीश व अमित कुमार शर्मा सहित यूनियन के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने फूल माला डाल कर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एटक हरियाणा पहल सिंह तंवर को दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाने पर बस स्टैंड कैथल यूनियन कार्यालय में आयोजित मान सम्मान समारोह में उपस्थित कर्मचारियों को जिला अध्यक्ष एटक मास्टर जगजीत सिंह मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

युवा विकास समिति का रक्तदान शिविर 30 को

जींद। युवा विकास समिति जींद की ओर से 30 अक्टूबर को सफीदों बाईपास स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि शिविर की अध्यक्षता गुरु रविदास धर्मशाला के प्रधान राजेश कुमार करेंगे। रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। महासचिव विनोद शर्मा और संयोजक प्रवीण सैनी ने कहा कि रक्तदान सामाजिक जिम्मेदारी है। रक्त की जरूरत किसी भी मरीज को कभी भी पड़ सकती है।

महाराजा अग्रसेन स्कूल में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

जींद। महाराजा अग्रसेन गल्र्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में हिंदी कोर्स विषय पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों राज नरवाल प्रिंसिपल राधा कृष्णा स्कूल कैथल एवं वीरेंद्र कुमार हिंदी लेक्चरर गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल हिसार ने अपने व्यापक अनुभव, विषयगत ज्ञान और प्रभावशाली शिक्षण विधियों के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदी शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी, विद्यार्थी केंद्रित एवं कौशल आधारित बनाना था।

अभियान में पुलिस की भूमिका पर जताया आभार

जींद। नशा मुक्ति अभियान को लेकर माजरा खाप पंचायत ने कहा कि जींद पुलिस प्रशासन नशामुक्ति पर अच्छा कार्य कर रही है । शुक्रवार को कैले के लदे ट्रक में 23,408 नशा पुलिस ने पकड़ा। जिसकी माजरा खाप सहराना करती है। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, महासचिव महेंद्र सिंह सहारण ने बताया की माजरा खाप पंचायत सुखा नशा को लेकर पुलिस के साथ मिल कर नशामुक्ति अभियान चला रही है।

मधुमक्खी पालन बागवानी बीमा योजना में शामिल

जींद। हरियाणा सरकार द्वारा बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है, जिसके तहत मधुमक्खी पालन को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल किया गया है। इस योजना के माध्यम से मधुमक्खी पालकों को प्राकृतिक आपदाओं सहित विभिन्न कारणों से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। योजना को लेकर उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि सरकार की इस पहल से मधुमक्खी पालन से जुड़े किसानों एवं उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

बराह कलां के खिलाड़ियों ने जीते आठ पदक

जींद। उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित वंदना कटारिया स्टेडियम में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में भगत सिंह स्पोर्ट्स अकेडमी बराह कलां के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाडियों ने प्रतियोगिता में दो स्वर्णए चार रजत और दो कांस्य सहित कुल आठ पदक जीतकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में शिवम और परमित ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं मोहम्मद जावेद ने 66 किलोग्राम, युगम ने 22 किलोग्राम, यश ने 30 किलोग्राम और यश ने 24 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किए।

सुरक्षित बचपन जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

जींद। बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के सुरक्षित बचपन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इक्कस में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की अध्यक्ष पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में हुआ।

एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वायज विंग में स्वदेशी मेला

सांस्कृतिक त्रिवेणी और लोकगीतों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वायज विंग में 24 से 29 अक्टूबर तक छह दिवसीय स्वदेशी मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य ध्येय आओ मिलकर स्वदेशी अपनाएं, समृद्ध भारत बनाएं के संकल्प को धरातल पर उतारना है। मेले में हरियाणा, पंजाब और राजस्थान की विविध संस्कृतियों व लोकगीतों के शानदार कार्यक्रमों का संगम देखने को मिल रहा है। छात्रों को सम्मानित किया और तमाम अतिथियों-अधिकारियों ने मेले में लगी विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर स्थानीय कारीगरों का हौसला बढ़ाया। मुख्यअतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सहसमन्वयक व डायरेक्टर (कौशल युवा हरियाणा) राजेश गोयल, कला परिषद हरियाणा के डायरेक्टर व गायक बिंदर दनौदा और मंच के मार्गदर्शक व प्रांत संगठक हरियाणा कुलदीप पूनिया उपस्थित रहे। मेले का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। राजेश गोयल ने कहाकि स्वदेशी केवल आंदोलन नही बल्कि आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ हैं।

दिग्गज हस्तियों और कलाकारों ने बढ़ाई रौनक



जींद। मंच पर राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करते करते हुए कलाकार।

स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार युवाओं को कौशल विकास और स्वरोजगार से जोड़ रही है। इस मेले में लगी हर स्टॉल यह साबित करती है कि जब भारत का हुनर जागेगा तो देश अपने आप समृद्ध बनेगा। हमें विदेशी वस्तुओं का मोह छोड़कर स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। गायक व डायरेक्टर कला परिषद् हिसार जोन बिदंर दनौदा ने कहाकि प्रशासनिक स्तर पर हमारा हमेशा यह प्रयास रहता है कि लोकल आर्टिजन्स और स्वयं सहायता समूहों को एक बड़ा मंच मिले। स्वदेशी मेला ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को जोडने का बेहतरीन माध्यम है। जींद की जनता से अपील है कि वे भारी संख्या में आकर इन स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें। सांस्कृतिक और व्यापारिक मेलों का आयोजन समाज में सुरक्षा, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। विशेषकर महिला उद्यमियों की सुरक्षा और उनकी सहभागिता को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। इस प्रकार के आयोजन देश की सुरक्षा और समृद्धि दोनों में सहायक हैं। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. दिलबाग ने कहाकि स्वदेशी उत्पादों में हमारी सेहत का राज छिपा है। ऑर्गेनिक खेती, स्थानीय जड़ी बूटियों और पारंपरिक खान-पान को अपना कर हम बीमारियों से दूर रह सकते हैं।

कला और संस्कृति देश की आत्मा

मेला स्वास्थ्य और स्वावलंबन का एक बेहतरीन फ्यूजन है। यह मेला कला और वाणिज्य का अनूठा उदाहरण है। शहर के सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक पहचान को निखारने में ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। कुलदीप पूनिया ने संयुक्त रूप से कहाकि स्वदेशी जागरण मंच का एक ही उद्देश्य है भारत को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना। देश के युवाओं में हुनर की कमी नही है, बस उन्हें सही बाजार देने की जरूरत है। जो यह मेला बखूबी कर रहा है। कला और संस्कृति देश की आत्मा होती है। पंजाब और राजस्थान के लोकगीतों के माध्यम से हम अपनी युवा पीढ़ी को जड़ों से जोडने का प्रयास कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वदेशी जागरण मंच और जिला प्रशासन ने सामूहिक रूप से सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि 29 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में सपरिवार पहुंच कर देश की संस्कृति का आनंद लें।

डांडिया उत्सव में राधा कृष्ण की झांकियों ने मोहा मन

जींद। शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा अपने नयना प्रोजेक्ट (नेत्रदान) को लेकर डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से विशेष तौर से बंटी तिलकधारी द्वारा बुलाई कान्हा ब्रज रस मंडल के कलाकारों ने राधा कृष्ण के रूप में डांडिया की कई आकर्षक झांकियों द्वारा दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर समाजसेवी समाजसेवी पवन गर्ग, मेट्रो अस्पताल के डायरेक्टर सुरेंद्र रहे। कार्यक्रम का आयोजन सृष्टि प्रधान सुनील गोयल, पूर्व प्रधान अनिल मंगला की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम पूरी तरह से पारिवारिक रहा और सभी भक्ति गीतों पर जमकर झूमे।

सृष्टि प्रधान सुनील गोयल, पूर्व प्रधान अनिल मंगला ने बताया कि सृष्टि द्वारा नयना कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आमजन को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर नेत्रदान करवाया जा रहा है। नेत्रदान आज के समय की जरूरत है। हमारे द्वारा किया गया नेत्रदान न जाने किसके जीवन में उजियारा कर दे, ऐसे में हमारा परम कर्तव्य बन जाता है कि हम अपने मनुष्य जीवन को सार्थक करते हुए नेत्रदान अवश्य करें। मेट्रो अस्पताल के डायरेक्टर डा. सुरेन्द्र ने कहा कि हर व्यक्ति नेत्रदान करने का संकल्प ले और सृष्टि का यह छोटा सा प्रयास नेत्रहीनों को आम लोगों की तरह ही जीवन जीने का मौका देगा। सृष्टि संयोजक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि डांडिया मुख्य रूप से देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर के बीच हुए युद्ध की याद में खेला जाता है ।

खबर संक्षेप

पोस्टर मेकिंग में कीर्ति और नैन्सी ने मारी बाजी



जींद। राजकीय महिला कालेज के गणित विभाग द्वारा छात्राओं की रचनात्मकता एवं गणितीय कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व गणितीय अवधारणाओं को आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की कीर्ति और नैन्सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिजिकल साइंस द्वितीय वर्ष की तमन्ना और इंदू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि फिजिकल साइंस प्रथम वर्ष की चेतना और इशिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य रणधीर खट्टर ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने ऐसी शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालते छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने तथा गणित विषय के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गणित विभाग से डा. अल्पना शर्मा, डा. संदीप शर्मा और डा. विक्रम गुप्ता उपस्थित रहे।

बेटियों के हुनर को रोजगार से जोड़ना हमारा संकल्प



जींद। बेटियों के हुनर को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल की गई है। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद की ओर से हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से अर्बन एस्टेट स्थित कार्यालय में दो दिवसीय करवा चौथ मेहंदी उत्सव का शुभारंभ किया गया। उत्सव में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बेटियां सुहागिन महिलाओं के हाथों पर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। इस गतिविधि से होने वाली आय भाग लेने वाली बेटियों में वितरित की जाएगीए ताकि उन्हें हुनर के माध्यम से कमाई करने का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। उत्सव का उद्घाटन संस्था की मनोवैज्ञानिक किरण सिंधु ने रिबन काट कर किया। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि बेटियों को शिक्षा देने के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना भी जरूरी है।

राजयोगिनीं विजय दीदी को मिला विशेष सम्मान

जींद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में आयोजित ग्लोबल समिट के दौरान संस्था की 90 वर्षों की गौरवशाली आध्यात्मिक यात्रा के उपलक्ष्य में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था से 50 वर्षों से अधिक समय से जुड़े वरिष्ठ भाई व बहनों को उनकी निस्वार्थ सेवाओं, त्याग, तपस्या एवं आध्यात्मिक समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में ब्रह्माकुमारीज जींद सर्कल इंचार्ज राजयोगिनी बीके विजय दीदी को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उनके दीर्घकालीन आध्यात्मिक समर्पण एवं ईश्वरीय सेवाओं के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। राजयोगिनी विजय दीदी लंबे समय से ब्रह्माकुमारीज संस्थान के माध्यम से राजयोग मेडिटेशन, नैतिक मूल्यों, नारी सशक्तिकरण, नशामुक्ति एवं समाज में शांति और सद्भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संस्था के 90 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में वरिष्ठ समर्पित भाई व बहनों का योगदान त्याग तपस्या और अथक ईश्वरीय सेवाओं की प्रेरणादायक मिसाल है। राजयोगिनी विजय दीदी को मिले सम्मान से क्षेत्र के ब्रह्माकुमारीज परिवार में खुशी और गौरव का वातावरण है। सभी भाई व बहनों ने क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते दीदी को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

समाजसेवी राजकुमार गोयल को किया सम्मानित



जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हे यह सम्मान अग्रोहा धाम में आयोजित ऐतिहासिक मेले में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग द्वारा प्रदान किया । कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री बीरेंद्र गोयल, हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा तथा महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमार स्वामी इत्यादि मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इसके साथ साथ भजन गायिका अंजलि द्विवेदी और मशहूर गायक मासूम शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दास गर्ग ने की। अग्रोहा धाम के वार्षिक मेले में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। धार्मिक अनुष्ठान, मंदिरों में पूजा भजन कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भंडारा मेले के प्रमुख आकर्षण रहे। धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता व महाराजा अग्रसेन के आदर्शों का संदेश दिया गया।

पराली प्रबंधन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



जींद। कृषि विभाग द्वारा जिले में पराली प्रबंधन को लेकर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत किसानों को फसल अवशेष न जलाने और पराली का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गांवों में मुनादी करवाने के साथ-साथ जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव कम्बोज ने बताया कि जिले के मंगलवार को खेड़ा खेमावती, बुढाखेड़ा, आलनजोगी, बरारखेड़ा, दाता सिंह वाला, बुड़ाना और नगूरां सहित विभिन्न गांवों में पराली प्रबंधन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत किसानों को पराली न जलाने, कृषि यंत्रों का उपयोग करने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बताया कि किसानों को एक्स सीटू और इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन के तहत तेल निकालने की इकाइयों की स्थापना के लिए मिलेगी वित्तीय सहायता

जींद। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन के अंतर्गत जिले में तिलहन फसलों के उत्पादनए प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तिलहन मिल इकाइयों तथा तेल निकालने की इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह कम्बोज ने बताया कि योजना के तहत पात्र किसान, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) सहकारी समितियां, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) उद्यमी तथा अन्य पात्र लाभार्थी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य तिलहन प्रसंस्करण से संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूत करनाए तेल निष्कर्षण एवं पुनप्राप्ति की दक्षता बढ़ाना तथा मौजूदा इकाइयों की कार्यक्षमता में सुधार करना है। डा. कम्बोज ने बताया कि योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार तेल निकालने की इकाइयों 10 टन क्षमता तथा तिलहन प्रसंस्करण के लिए आवश्यक मशीनरी की स्थापना हेतु परियोजना पर अधिकतम 9.90 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। इसके माध्यम से सरकारी एवं निजी क्षेत्र, किसान उत्पादक संगठनों तथा सहकारी समितियों को तिलहन प्रसंस्करण संबंधी अवसंरचना स्थापित करने और मौजूदा सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा निकाली



नरवाना। महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर उनकी जयंती गुरू पुरिणमा के अवसर पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई और एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो बाल्मीकि समाज द्वारा मंदिर टोहाना रोड़ से शुरू होकर पंजाबी चौंक,भगत चौंक, अपोलो चौंक होते हुए स्टेशन तक पहुंची वहां से वापस धौला कुंआ होते बाल्मीकि मंदिर टोहाना रोड़ पर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह शोभा यात्रा का लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं बच्चे ओर पुरुष मौजूद रहे। यात्रा में शामिल नगर पार्षद सत्यवान बेदी ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि का जीवन एक अपने आप में एक खजाना है उस पर चल कर बहुत कुछ सीखा जा सकता है, महर्षि रामायण में उन्होंने इतना कुछ बीत गए समय और आने वाले समय के बारे में दर्शा दिया था कि ये सब बीत गया ये घट रहा है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते अध्यापक। *फोटो :हरिभूमि*

शिक्षकों को सिखाए जा रहे पढ़ाने के नए गुर

जींद। निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की दक्षताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में छह दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को पढ़ाने की आधुनिक व प्रभावी विधियों से अवगत करवाया जा रहा है ताकि वे कक्षा में बच्चों की रुचिए समझने की क्षमता और सीखने के स्तर के अनुसार शिक्षण गतिविधियों का संचालन कर सकें। प्रशिक्षण में बच्चों के बौद्धिक विकास, भाषा कौशल, गणितीय समझ तथा सीखने की प्रक्रिया को सरल, रोचक और प्रभावशाली बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खंड सफीदों में दो बैचों में 79 प्राथमिक शिक्षक, खंड पिल्लूखेड़ा में एक बैच में 39 प्राथमिक शिक्षक, खंड नरवाना में दो बैचों में 80 प्राथमिक शिक्षक व खंड जींद में दो बैच में 80 प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रकार इन चार खंडों में सात बैच के माध्यम से 278 प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

गांव दनौदा की बेटी आशा ने गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया देश का मान

- सर्वजातीय बिनैण खाप ने सम्मान पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव दनौदा की बेटी आशा नैन ने हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश का नाम रोशन किया है। बांग्लादेश में हैंडबॉल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली इस होनहार खिलाड़ी को सोमवार को सर्वजातीय बिनैण खाप की ओर से सम्मानित किया गया। खाप की ओर से आयोजित सम्मान कार्यक्रम में आशा नैन को सम्मान पत्र भेंट कर उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया गया। खाप के पदाधिकारियों, सामाजिक जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बेटी की इस शानदार उपलब्धि की सराहना करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गांव की बेटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल करना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बना है। सर्वजातीय बिनैण खाप के कोषाध्यक्ष राममेहर नैन, महामंत्री बलजीत फौजी, बलवान नैन, खाप प्रवक्ता संदीप दनौदा, हरियाणवी गायक बिंदर दनौदा, पूर्व सरपंच कृष्ण नैन, पाला नैन, भाजपा जिला महामंत्री अनिल नैन मौजूद रहे।



गोल्डन गर्ल को सम्मानित करते बिणेन खाप के पदाधिकारी।

जनहित की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं भाजपा कार्यकर्ता : डॉ. तायल

जींद । भाजपा की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा महिलाओं, बेटियों, गरीब परिवारों, विद्यार्थियों और जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता होनी चाहिए। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांवों और शहरों में घर-घर जाकर लोगों को लाडो लक्ष्मी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में पात्र परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में कार्यकर्ताओं को लोगों को आवेदन प्रक्रिया, पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी जागरूक करना चाहिए। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंच कर बूथ समिति का गठन और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करे। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुननी चाहिए और संबंधित विभागों तक उनकी बात पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। डा. तायल ने कहा कि वर्ष 2024 में हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास, महिला सशक्तीकरण, युवाओं के रोजगारए किसानों के कल्याण और गरीब परिवारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर काम किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं और नीतियों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने से पात्र लाभार्थियों को सहायता मिल सकती है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केवल चुनाव के समय ही नही बल्कि लगातार जनता के बीच रहकर सेवा कार्य करें। जनहित की योजनाओं का प्रचार-प्रसार, संगठन की मजबूती और लोगों की समस्याओं का समाधान ही कार्यकर्ताओं की मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए।





उचाना। एसडीओ नवीन मूंडे का स्वागत करते सूर्यदेव सुदकैन। *फोटो :हरिभूमि*

नवीन मूंडे ने संभाला जन स्वास्थ्य विभाग का कार्यभार

उचाना। नरवाना जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नवीन मूंडे ने एडिशनल एसडीओ के तौर पर उचाना जन स्वास्थ्य विभाग में रिक्त एसडीओ पद का कार्यभार संभाल लिया है। पद रिक्त होने के कारण शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सहित अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कार्यभार संभालने के बाद नवीन मूंडे ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर शहर में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। नवीन मूंडे ने कहा कि उचाना में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए कर्मचारियों के साथ बैठक की गई है, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके। शहर की सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एस्टीमेट मंजूरी के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही संबंधित कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। जेई गोविंद, विनय, सुनील, सूर्यदेव सुदकैन, जीवन सिंगला, राकेश झील, धर्मबीर मोर प्रधान और ईश्वर श्योकंद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं सत्य, समानता और मानवता का दिखाती हैं मार्ग : कृष्ण कुमार बेदी

महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं समाज को सत्यए समानताए सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उनकी महान रचना रामायण में वर्णित आदर्श, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्य आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं। मंत्री कृष्ण बेदी रामराये गेट स्थित वाल्मीकि चौक पर आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसका 33 स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मंत्री ने महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद भी लिया। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि के रूप में जाना जाता है। उनकी रामायण भारतीय साहित्य, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा की अमूल्य धरोहर है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रतीक है कि ज्ञान, साधना और दृढ़ संकल्प के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उनकी शिक्षाएं आपसी भाईचारे सामाजिक समरसता और मानवता की भावना को मजबूत करती हैं। कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति व गौरवशाली परंपराओं से जोडना है। समाज के सभी वर्गों को आपसी प्रेम, सहयोग और सद्भाव बनाए रखते महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जनप्रतिनिधियों को भी समाज में अपनी भूमिका मजबूत बनाए रखने के लिए लोगों के सुख व दुख में हमेशा साथ खड़ा रहना चाहिए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चल कर मानवता की सेवा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी जातियों के महापुरुषों की जयंतियां सरकारी स्तर पर मना रही है।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री कृष्ण बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

ये रहे मौजूद

भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढूल ने कहा कि रामायण के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि ने सत्यए धर्म, मर्यादा और नैतिकता का मार्ग दिखाया। उनके विचारों को अपना कर समाज में समानता और सद्भाव को बढ़ावा दिया जा सकता है। समारोह में वाल्मीकि सभा के प्रधान जितेंद्र टांक, डा. राज सैनी, डा. पुष्पा तायल, जयभगवान, कमल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



आदर्श स्कूल जाखौली में किया पौधरोपण

राजौंद। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश शर्मा एवं महावीर कोच जाखौली ने पौधे लगाकर विद्यार्थियों और समाज को हरियाली एवं स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया।प्राचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। ये हमें शुद्ध हवा, छाया, फल और जीवनदायी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य भी है।



सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

कैथल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, जाखौली अड्डा, कैथल में "सुरक्षित बचपन अभियान" के अंतर्गत बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण, उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा किसी भी प्रकार के शोषण से बचाव के संबंध में जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल, अधिवक्ता मनीष, एमडीडी ऑफ इंडिया (एनजीओ) से अशोक आदि अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस शहीदी स्मृति के उपलक्ष्य में संगोष्ठी

कैथल। पुलिस शहीदी स्मृति के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन कैथल के सभागार में समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सीनियर एडवोकेट अरविन्द खुरानिया तथा डीएसपी सुशील प्रकाश ने पुलिस कर्मचारियों को संबोधित करते हुए समाज में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अरविन्द खुरानिया ने कहा कि पुलिस का कार्य केवल अपराधियों को पकड़ना और कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं है, बल्कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पीड़ितों को न्याय दिलाने में सहायता करना, समाज में शांति एवं सद्भाव बनाए रखना और नागरिकों के मन में कानून के प्रति विश्वास पैदा करना भी है।

पोंजी स्कीम जैसे जाल से रहें सावधानः एसपी मनप्रीत

कैथल। तेजी से बढ़ती डिजिटल और आर्थिक दुनिया में जहां लोग अपनी मेहनत की कमाई को निवेश कर भविष्य सुरक्षित बनाना चाहते हैं, वहीं साइबर ठग और वित्तीय अपराधी अब पोंजी स्कीम जैसे जाल फैलाकर आम नागरिकों की जमा पूंजी हड़पने में लगे हुए हैं। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि "पोंजी स्कीम एक ऐसी निवेश योजना होती है जिसमें लोगों को बहुत कम समय में अधिक रिटर्न देने का लालच दिया जाता है।

जिला बाल कल्याण विभाग ने करवाईं कई प्रतियोगिता

कैथल। जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने बताया कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा बाल भवन कार्यालय कैथल के प्रांगण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एकल नृत्य, भाषण व मेहंदी प्रतियोगिताओं का तृतीय व चतुर्थ समूह में आयोजन करवाया गया।

आरकेएसडी कॉलेज में किया गया 35वें दीक्षांत समारोह का आयोजन

शिक्षा, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता के माध्यम से देश एवं प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दें युवा: प्रो. असीम कुमार घोष

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि आज के दौर में दुनिया को केवल सवालों के जवाब जानने वाले लोगों की ही नहीं, बल्कि बेहतर सवाल पूछने और नई संभावनाओं को तलाशने का साहस रखने वाले युवाओं की भी आवश्यकता है। विद्यार्थियों की वास्तविक पहचान केवल उनकी डिग्री से नहीं, बल्कि उनकी सोच की गहराई, चरित्र की मजबूती और ज्ञान के मानवीय उपयोग से होती है। इसिलए आप सभी डिग्री धारक शिक्षा, नवाचार, उद्यमशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता के माध्यम से देश एवं प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही ज्ञान, चरित्र और मानवीय मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाएं।

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की

राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष मंगलवार को कैथल स्थित आरकेएसडी कॉलेज के 35वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लगभग 190 स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इससे पहले डीसी अपराजिता व एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने पूंडरी विश्राम गृह में महामहिम का स्वागत एवं अभिनंदन किया। घोष ने कहा यह कार्यक्रम एक ओर विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, वहीं दूसरी ओर उनके जीवन की नई यात्रा की शुरुआत भी है। आपने वर्षों तक जो ज्ञान अर्जित किया है और अब उनके सामने अपने विचारों, प्रतिभा तथा क्षमताओं से दुनिया को बेहतर बनाने का अवसर है। स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, अनुभव, नई सोच तथा सकारात्मक बदलाव में बदलने का प्रयास करना चाहिए।



कैथल। हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष विद्यार्थियों व पदाधिकारियों के साथ।

शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया ज्ञान जीवनभर उनकी अमूल्य पूंज

प्रो. घोष ने आरकेएसडी कॉलेज की पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान में लगभग 5,000 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 2,600 छात्राएं शामिल हैं। संस्थान उनके शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया ज्ञान, मार्गदर्शन और संस्कार जीवनभर उनकी अमूल्य पूंजी बने रहेंगे। शिक्षकों के विचार, व्यवहार और आदर्श विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं।

राज्यपाल की अपील

घोष ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से हरियाणा को विकसित राज्य बनाने तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ज्ञान, नवाचार, कड़ी मेहनत, उद्यमशीलता और सामाजिक दायित्व के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से ऐसा भविष्य तैयार करना होगा, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचे और सभी को समान अवसर, सम्मान तथा समृद्धि प्राप्त हो सके।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्या समिति के अध्यक्ष अश्वनी शोरवाला, समिति के पूर्व अध्यक्ष सतीश बंसल, साकेत मंगल एवं अनिल शोरवाला, उपाध्यक्ष महेश मंगल एवं श्याम बंसल, महासचिव पंकज बंसल, नगर पार्षद रोहन मित्तल, कोषाध्यक्ष अशोक मंगल, गवर्निंग बॉडी के कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल और उपप्राचार्य डॉ. राजबीर पाराशर१ नवनीत गोयल, अरुण सर्राफ, डा. सीबी सैनी सहित शिक्षकगण, गणमान्य व्यक्ति, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

रासायनिक खादों के उपयोग से देव तुल्य भूमि हो रही बंजर: राज्यपाल

जहर मुक्त भोजन के लिए प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाएं : देवव्रत

गांव गोविंदपुरा में आयोजित किया गया प्राकृतिक खेती पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

गुजरात एवं महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि अत्यधिक रासायनिक उपयोग की वजह से खेती में दिन प्रतिदिन खर्चे बढ़ रहे हैं। यही नहीं इसके कारण कैंसर के अलावा अनेक गंभीर बीमारियां पैदा हो रही है। इसको रोकने के लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाने होंगे, जिससे हमारी फसल की पैदावार भी अच्छी होगी और हम जहर मुक्त खाना खा पाएंगे। माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत मंगलवार को गांव गोविंदपुरा में आयोजित प्राकृतिक खेती एवं शहीद उधम सिंह चौक का शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितगण को अपना संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर शहीद उधम सिंह इंटरनेशनल फाउंडेशन के पदाधिकारियों, ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गांव गोविंदपुरा में शहीद उधम सिंह चौक का शिलान्यास किया। आचार्य देवव्रत ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने जिस तरह से साहस दिखाते हुए विदेश में जाकर अंग्रेज जनरल डायर को मौत के घाट उतारा था। जनरल डायर ने जलियांवाला कांड किया था और निहत्थे लोगों पर गोलियां बरसवाई थी। शहीद उधम सिंह जैसे देशभक्तों की कुर्बानियों की वजह से हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनके अंदर देशभक्ति की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी।



कैथल। गुजरात एवं महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत को सम्मानित करते किसान। फोटो: हरिभूमि

इस अवसर पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक सरदार गज्जन सिंह, नगर पालिका की चेयरपर्सन रेखा रानी, पूर्व सांसद पटियाला प्रेम सिंह चंदु माजरा, कंवल जीत कौर ने भी अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर शहीद उधम सिंह के पोते जीत सिंह, मंजीत कौर, पैरा एशियन गेम्स के गोल्डमेडलिस्ट तीरंदाज सरदार हरविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, मीना कंबोज, अमरीक सिंह, स. हरजिंद्र सिंह, मास्टर सुरेंद्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि मलकित सिंह, ओमप्रकाश कंबोज, वेद कंबोज, अमरेंद्र सिंह, तरसेम सिंह मांजला, होशियार चंद आदि मौजूद रहे।

ऐसे तैयार करें देशी खाद

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए हमें देशी गाय का गोबर, मूत्र, गुड़, दाल की बेसन, पेड़ के नीचे की मिट्टी को ड्रम में मिलाकर उन्हें 6 दिन तक रखना है। एक ग्राम देशी गाय के गोबर में लगभग 300 करोड़ बैक्टीरिया होते हैं। तीस दिन में 30 किले की खेती एक देशी गाय के गोबर और मूत्र से की जा सकती है। यह मित्रकिट धरती की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। गुजरात में लाखों किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। इस मौके पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सरदार गज्जन सिंह द्वारा शहीद उधम सिंह पर सुनाम से लंदन तक विषय पर लिखी पुस्तक का विमोचन भी किया।

प्राकृतिक खेती को एक मिशन का रूप दिया जा रहा

किसानों को वीडियो के माध्यम से दिखाया कि किस तरह से एक अखबार की रिपोर्ट में आया है कि मांओं के दूध की जांच की गई, जिसमें यूरिया और कीटनाशक पाया गया, जोकि मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। कैंसर जैसी बीमारियां पनप रही है। पानी दूषित, अनाज जहर और हवा प्रदूषित हो चुकी है। इस स्थिति से निपटने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा और प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाने होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश व प्रदेश में प्राकृतिक खेती को एक मिशन का रूप दिया जा रहा है। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती करने वालों को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

गोविंदपुरा में शहीद उधम सिंह चौक बनाया जाएगा, इससे युवाओं में देशभक्ति की भावना ओर अधिक प्रबल होगी। उन्होंने कहा कि पहले उत्तम खेती हुआ करती थी, किसान अपनी मेहनत और पसीने से फसल उगाता था। परिवार मिट्टी में मिलकर सोना उगाता है। लेकिन किसानों को ओलावृष्टि, तूफान आदि आपदाओं का सामना भी करना पड़ता है, इसके बावजूद भी किसान संतोषी है। सीवन क्षेत्र में किसान सब्जी की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं, जिसके लिए सभी को बधाई देता हूं। आज के समय खेती में खर्चे दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। रासायनिक खादों का उपयोग बहुत ज्यादा मात्रा में किया जा रहा है। जिसकी वजह से धरती बंजर हो रही है।



कैथल। ब्राइट ओपन माइंड स्कूल के खिलाड़ियों व कोच का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन और गणमान्य व्यक्ति। फोटो: हरिभूमि

कुश्ती में ब्राइट ओपन माइंड के पहलवानों का रहा दबदबा

- तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

असंध-कैथल रोड स्थित ब्राइट ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल के पहलवानों ने महाराष्ट्र के पुणे व लोनावला में आयोजित ऑल इंडिया सीबीएसई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर स्कूल, क्षेत्र और हरियाणा का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता 21 से 24 अक्टूबर तक आयोजित की गई, जिसमें देशभर के सीबीएसई स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में स्कूल की दीपांशी ने अंडर-14 के 15 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक प्रथम प्राप्त की। प्रतीक ने अंडर-17 के 51 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वरुण ने अंडर-19 के 79 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक प्रथम प्राप्त की। शुभम ने अंडर-14 के 52 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर ऑल इंडिया रैंक द्वितीय हासिल की।प्रतियोगिता के बाद एनआईएस क्वालिफाइड कोच राकेश और विजेता खिलाड़ी विद्यालय परिसर पहुंचे तो स्कूल प्रबंधन व ग्रामीणों ने उनका ढोल-नगाड़ों, फूलों और नोटों की मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों अन्नूपूरण, एडवोकेट जयपाल आर्य, डॉक्टर होशियार सिंह, शैलेंद्र, कुश्ती एकेडमी संचालक राजू सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों और कोच का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।स्कूल के चेयरमैन वीर करण सिंह ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहन की।

दी बधाई

प्रधानाचार्य बी. आर. भारद्वाज ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऑल इंडिया स्तर पर मिली यह सफलता विद्यालय, शिक्षकों और पूरे राजौंद क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों की उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में दिल्ली में होने वाली ऑल इंडिया स्कूल राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी विद्यालय की टीम जीत का सिलसिला जारी रखने का प्रयास करेगी।

उत्तर क्षेत्रीय मुय थाई चैंपियनशिप में अजय कौशिक कुराड़ और तनु ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

जम्मू विश्वविद्यालय में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित उत्तर क्षेत्रीय मुय थाई चैंपियनशिप-2026 में कलायत उप मंडल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अजय कौशिक कुराड़ और तनु ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जबकि तरुण ने कांस्य पदक हासिल कर जिले की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। मुय थाई खेल संघ कैथल के अध्यक्ष एवं हरियाणा के प्रशिक्षक सुमित कश्यप कुराड़ ने खिलाड़ियों की उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कैथल के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल के दम पर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में गांव कुराड़ के अजय कौशिक ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तनु ने 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 38 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी आयु वर्ग के 36 किलोग्राम भार वर्ग में तरुण ने कांस्य पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से उनके परिवारों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।



कैथल। कलायत क्षेत्र खिलाड़ी आयोजकों और प्रशिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

सालासर धाम के लिए 17वीं निःशुल्क बस सेवा हुई रवाना

कैथल। कैथल विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के पावन तीर्थों के दर्शन कराने की प्रक्रिया को जारी रखते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज एक बार फिर निःशुल्क बस सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के तहत श्रद्धालु सुबह-सुबह कैथल के किसान भवन से रवाना हुए और बाबा श्री खाटू श्याम धाम तथा श्री बालाजी सालासर धाम पहुंचकर अपने आराध्य देव के दर्शन करने जा रहे हैं। यह सेवा कैथल के लोगों के प्रति विधायक आदित्य सुरजेवाला की सच्ची लगन और समर्पण का प्रतीक है। यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

धान का जल्द करवाएं उठानः डीसी

- डीसी अपराजिता ने बैठक लेकर की धान खरीद की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने कंहा कि जिले की अनाज मंडियों में खरीदे गए धान का जल्द से जल्द उठान करवाया जाए। सभी खरीद एजेंसी अधिकारी इस काम में तेजी लाएं। ट्रांसपोर्टर्स, मिलर्स एवं खरीद एजेंसी अधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए उठान कार्य को गंभीरता से पूरा करवाएं। साथ ही धान बेचने में किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। किसानों की धान की सुचारू रूप से खरीद हो, उन्हें समय पर भुगतान मिले। साथ ही उठान में तेजी लाई जाए। डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में धान खरीद कार्य की समीक्षा की।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

कैथल मंडी में आज बंद रहेगी खरीद

कैथल नई अनाज मंडी में 28 अक्तूबर को नहीं होगी खरीद, केवल उठान होगा

डीएफएससी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने स्वयं फैसला लिया है कि 28 अक्तूबर को इस अनाज मंडी में केवल उठान कार्य होगा। 28 अक्तूबर को किसान मंडी में धान लेकर न आएं। क्योंकि इस दिन केवल उठान के चलते खरीद नहीं हो पाएगी। किसानों से अपील है कि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और बुधवार 28 को नई अनाज मंडी कैथल में धान लेकर न आएं।

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-शूटिंग में खेवना गोपेरा ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-2026 का भव्य आगाज देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ हुआ।

इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा खेवना गोपेरा ने अपनी शानदार प्रतिभा, एकाग्रता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय, अपने परिवार और हरियाणा को गौरवान्वित किया।दिल्ली में 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक आयोजित डीएवी नेशनल लेवल शूटिंग चैंपियनशिप 2026–27 में खेवना ने अंडर-17 गर्ल्स 10-मीटर एयर राइफल शूटिंग स्पर्धा में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए उन्होंने अपने असाधारण कौशल, सटीक निशानेबाजी, आत्मविश्वास और धैर्य का परिचय दिया तथा सिल्वर मेडल अपने नाम किया।



खेवना गोपेरा

ऑल इंडिया डीएवी नेशनल गेम्स में अंडर-17 के 63 किलोग्राम भारवर्ग में हासिल किया प्रथम स्थान

कोलेखां की बेटी जयश्ना सहारण ने राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

गांव कोलेखां की होनहार बेटी जयश्ना सहारण ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया डीएवी नेशनल गेम्स में जैष्णा ने जूडो प्रतियोगिता के अंडर-17 आयु वर्ग के 63 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, गांव और स्कूल में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करना जैष्णा की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। जयश्ना सहारण कैथल के ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की।



कैथल। जयश्ना सहारण अपने कोच के साथ। फोटो: हरिभूमि

बेटियों के लिए बनीं प्रेरणा

जयश्ना की सफलता से कैथल जिले के खेल जगत में भी उत्साह का माहौल है। उम्मीद है कि वह भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ती रहेंगी तथा उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करके अपने परिवार, स्कूल, गांव, कैथल और हरियाणा का नाम रोशन करेंगी।

मेहनत और लगन से हासिल किया मुकामः जयश्ना की इस उपलब्धि के पीछे नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति उनकी लगन महत्वपूर्ण रही है। जूडो जैसे खेल में सफलता हासिल करने के लिए शारीरिक क्षमता के साथ-साथ एकाग्रता, आत्मविश्वास, तकनीक और सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता भी आवश्यक होती है। जयश्ना ने इन गुणों का परिचय देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की।

एसआईआर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर सुपरवाइजरों को किया सम्मानित

जींद। जुलाना के एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी होशियार सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शत-प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सुपरवाइजरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य के प्रति निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य से ही मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि एसआईआर निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना, मतदाताओं से संपर्क स्थापित करना तथा आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेजों का सत्यापन करना जरूरी है। जुलाना क्षेत्र में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले सुपरवाइजरों ने अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन करते हुए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।



जींद। एसआइआर में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मियों को संबोधित करते हुए एसडीएम।

152डी पर जुलाना के पास पिकअप और कैंटर की टक्कर

मंत्री कृष्णलाल पंवार ने रुकवाया काफिला, घायल चालक को पायलट गाड़ी से भिजवाया अस्पताल

खास बातें

- घायल चालक राजस्थान के पिलानी का निवासी, समय पर उपचार दिलाने के लिए दिखाई संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता के लिए तत्काल कदम उठाकर मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है। सड़क पर हुए हादसे को देखकर मंत्री ने अपने काफिले को तुरंत रुकवाया और घायल चालक को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अपने काफिले में चल रही पायलट गाड़ी से अस्पताल भिजवाया। मंत्री की इस त्वरित पहल ने यह संदेश दिया कि किसी भी व्यक्ति का जीवन बचाने और जरूरत के समय उसकी सहायता करने से बढ़कर कोई दूसरा कर्तव्य नहीं है।

कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार मंगलवार को पानीपत जिले के मतलौडा स्थित अपने निवास से चरखी-दादरी में आयोजित कबड्डी खेल ट्रायल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान 152डी पर जींद जिले के जुलाना के पास एक पिकअप गाड़ी और कैंटर के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में पिकअप गाड़ी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक राजस्थान के पिलानी का निवासी बताया गया है। हादसे को देखते ही मंत्री कृष्णलाल पंवार ने बिना किसी देरी के अपना काफिला रुकवाया और दुर्घटनास्थल पर घायल व्यक्ति की सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने मानवीय संवेदना दिखाते हुए अपने काफिले में चल रही पायलट गाड़ी के माध्यम से घायल चालक को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की ताकि उसे जल्द से जल्द उपचार मिल सके। इस दौरान मंत्री ने प्राथमिकता घायल व्यक्ति को चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने को दी।



जींद। सड़क हादसे में घायल के लिए रुके कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार।

घायल की मदद के लिए आगे आना सामाजिक जिम्मेदारी

कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार की इस पहल से यह संदेश सामने आया कि सड़क पर दुर्घटना में किसी व्यक्ति को घायल देख कर उसकी मदद के लिए आगे आना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाना और जरूरतमंद की मदद करना मानवीय मूल्यों को मजबूत करता है। मंत्री ने अपने कार्य से यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि किसी भी परिस्थिति में मानव जीवन की रक्षा और पीड़ित की सहायता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

खबर संक्षेप

राजौंद मंडी में 29-30 को आवक व गेटपास रहेगा बंद

राजौंद। अनाज मंडी राजौंद में धान की अधिक आवक के कारण जाम की स्थिति को देखते हुए मार्केट कमेटी ने 29 और 30 अक्टूबर को अनाज की आवक तथा गेटपास जारी करने का कार्य पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान मंडी में केवल उठान का कार्य किया जाएगा।मार्केट कमेटी राजौंद की ओर से 27 अक्टूबर को जारी की गई आवश्यक सूचना में आढ़तियों, किसानों एवं संबंधित व्यक्तियों को इस संबंध में जानकारी दी गई है। सूचना के अनुसार मंडी में लगातार अधिक आवक होने के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है, जिसके चलते व्यवस्था सुचारू करने के लिए दो दिनों तक नई आवक पर रोक लगाई गई है।

मांगों को लेकर कर्मचारी कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

कैथल। हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी यूनियन की जिला कमेटी जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर कई बार लिखित पत्र के माध्यम से कई अवगत करवा चुकी है, पर उन की तरफ़ से कोई संतोषजनक जवाब नही मिला। जिसके चलते कर्मचारियों मे भारी रोष है। इसीलिए आज जिला कमेटी ने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अदाकारीयो के कार्यालय के समक्ष शुक्रवार 30 अक्तूबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का नोटिस संबंधित अधिकारियों को दे दिया। समय पर मांगो का समाधान न करने की पूर्ण जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।

सीआरएसयू में 700 विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचार के हुनर

युवा ज्ञान व कौशल निखारकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : डॉ. शर्मा

250 मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सहकारिता एवं जेल मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि युवाओं के विचारों को सही मंच मिले तो वे अपनी रचनात्मक सोच और तकनीकी कौशल से समाज की समस्याओं के समाधान तलाश सकते हैं। युवाओं के भीतर अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट विजन होना चाहिए और उन्हें निरंतर सीखने, अपनी क्षमताओं को पहचानने तथा हुनर निखारने पर ध्यान देना चाहिए।

सहकारिता एवं जेल मंत्री अरविंद शर्मा मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा फस्ट इनोवेशन चैलेंज की एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के करीब 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए लगभग 250 मॉडल प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने नए विचारों और प्रयोगों को प्रस्तुत करने का मंच मिला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि आत्मविश्वास का आधार ज्ञान है और ज्ञान प्राप्त करने का प्रमुख माध्यम पढ़ाई है। इसलिए युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढना चाहिए और अपने विचारों को धरातल पर उतारने के लिए आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ प्रयास करना चाहिए। युवाओं में अपने हित में सही निर्णय लेने का साहस होना चाहिए। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए समाज की उन्नति में भी योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के विचारों को उचित मंच देना समय की आवश्यकता है ताकि उनकी प्रतिभा सामने आए और उनके नवाचार समाज तथा राष्ट्र के लिए उपयोगी साबित हों।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते सहकारिता एवं जेल मंत्री अरविंद शर्मा।



जींद। मॉडल देखते हुए सहकारिता एवं जेल मंत्री अरविंद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

विकास को मिलेगी नई दिशा

कार्यक्रम के सहसंयोजक अमरपाल राणा ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और नवाचार देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में युवाओं के नए विचार उपयोगी साबित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा को केंद्र सरकार की ओर से इस कार्यक्रम का राज्य संयोजक बनाया गया है। उनके मार्गदर्शन में प्रदेशभर में ऐसी प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सहप्रभारी संदीप श्योराण ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी जरूरी है। युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचान कर नए प्रयोग करने चाहिए और अपने विचारों को समाजहित में उपयोगी बनाने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और अपनी सोच को व्यापक बनाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर डा. राज सैनी, नवीन, आरके मुदगिल, जिला संयोजक गौरव भारद्वाज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

31 दिसंबर तक चलेगा सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज

मंत्री अरविंद शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्तर पर सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज चलाया जा रहा हैए जो 31 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसका उद्देश्य लोगों को अपने हुनरए ज्ञान और सकारात्मक विचारों को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देशहित में उपयोगी विचार सामने लाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

नवाचार से मिल सकते हैं व्यावहारिक समाधान

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सीआरएसयू के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को सेवा भावना के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने, नई संभावनाओं की पहचान करने और समाज की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवा तकनीकी ज्ञानए रचनात्मक सोच और नवाचार के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। जरूरत है कि उन्हें उचित मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत मॉडल इस बात का उदाहरण हैं कि नई सोच और तकनीकी ज्ञान से उपयोगी समाधान विकसित किए जा सकते हैं।



गुहला चीका। खेलों में अव्वल रहे डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक सार्वजनिक विद्यालय चीका के खिलाडी। *फोटो :हरिभूमि*

डीएवी चीका के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों में जीते 16 पदक

गुहला-चीका। डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक सार्वजनिक विद्यालय, चीका के विद्यार्थियों ने डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 16 पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में विद्यालय के 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया और एथलेटिक्स, कबड्डी, तीरंदाजी तथा कुश्ती में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक जीते। कबड्डी में 1 स्वर्ण पदक हासिल किया। तीरंदाजी में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण और 3 रजत पदक अपने नाम किए, जबकि कुश्ती में 2 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन, अनुशासन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मिली इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्या अमिता सिंह ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



राजौंद। कार्तिक मास के उपलक्ष्य में निकाली गई प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु।

कार्तिक मास को लेकर शिव दुर्गा मंदिर से निकली प्रभात फेरी

राजौंद। कार्तिक मास के उपलक्ष्य में शिव दुर्गा मंदिर कमेटी की ओर से मंगलवार सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह करीब 5:15 बजे प्रभात फेरी दुर्गा मंदिर से शुरू हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर परिसर में पहुंची।रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। इस दौरान धार्मिक जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। राहुल छाबड़ा के परिवार की ओर से प्रभात फेरी का स्वागत करते हुए आरती उतारी गई तथा श्रद्धालुओं को चाय और प्रसाद वितरित किया गया।प्रभात फेरी के मंदिर पहुंचने के बाद आरती की गई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

करीब 70 स्कूलों के बच्चों ने लिया भाग

बाल महोत्सव में 316 विद्यार्थियों ने एकल नृत्य से दिखाई प्रतिभा

- विजेताओं को बाल दिवस समारोह में किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय बाल महोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को एकल नृत्य प्रतियोगिता में जिलेभर के करीब 70 स्कूलों के 316 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशानुसार उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद की प्रधान डॉ वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकियत चहल ने बताया कि बाल महोत्सव का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा निखारना, उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना और उन्हें अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करवाना है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों को ऐसी गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह में उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा सम्मानित करेंगी।



जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुई बच्ची।

सीआरएसयू हॉस्टल में समस्याओं पर भड़के विद्यार्थी

- वार्डन का पुतला फूंका, जल्द समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के छात्रावास में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर विद्यार्थियों का रोष बढ़ता जा रहा है। किसान छात्र एकता संगठन के कार्यकारी प्रधान गोविंद सैनी ने कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा के सामने हॉस्टल की समस्याएं उठाते हुए विद्यार्थियों को राहत दिलाने की मांग की। इसके बाद संगठन के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हॉस्टल वार्डन के विरोध में पुतला फूंक कर रोष जताया। गोविंद सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों को छोटी.छोटी जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। संगठन ने आरोप लगाया कि कुलपति के निर्देश के बावजूद मेस बंद रखी जा रही है, जबकि आदेश के अनुसार एक विद्यार्थी के लिए भी मेस खोली जानी चाहिए। इससे विद्यार्थियों के सामने भोजन की समस्या पैदा हो रही है। संगठन ने कमरे आवंटित करने में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थी कमरों के लिए परेशान हैं, जबकि कुछ कमरे खाली होने के बावजूद बंद पड़े हैं। इसके अलावा कमरों में खराब कुर्सियोंए बेड और गद्दों को बदलने की मांग भी उठाई गई। विद्यार्थियों ने सुरक्षा राशि के नाम पर दोबारा दो हजार रुपये मांगे जाने पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि पहले राशि जमा करवाने के बावजूद दोबारा पैसे मांगने का आधार स्पष्ट किया जाना चाहिए। संगठन ने मांग की कि हॉस्टल की सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए।

रोडवेज कर्मियों ने बस अड्डा पर जताया रोष

- पांच से छह नवंबर को दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान
- हर गांव तक सरकारी बस पहुंचाने और कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने मंगलवार को बस अड्डा परिसर में प्रदर्शन किया और धरना दिया। प्रदर्शन के दोरान रोडवेज कर्मचारियों ने पांच और छह नवंबर को प्रस्तावित दो दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए कमर कसी और सफल बनाने का संकल्प लिया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन केवल कर्मचारियों के हितों तक सीमित नहीं है बल्कि सरकारी परिवहन व्यवस्था, सस्ती यात्रा और युवाओं के रोजगार को बचाने की लड़ाई भी है।

प्रदर्शनकारी कर्मियों को संबोधित करते हुए जयबीर घणघस, जगदीप लाठर, वीरेंद्र सिंह, अनूप लाठर ने कहा कि सरकार की निजी परमिट, किलोमीटर स्कीम और ठेके पर महंगी इलेक्ट्रिक बसें चलाने की नीतियां रोडवेज के भविष्य के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने सरकारी बसों के बेड़े को बढ़ाने और स्थायी भर्ती करने की मांग उठाई। अनूप लाठर ने कहा कि निजी सोसायटी की बसों में बुजुर्गोंए विद्यार्थियों और महिलाओं को सरकारी बसों में मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इससे आम यात्रियों को परेशानी होती है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक गांव तक सरकारी बस सेवा पहुंचाई जाए। स्कूल और कॉलेज के समय छात्राओं के लिए अलग से स्पेशल सरकारी बसें चलाई जाएं।



जींद। बस अड्डा पर मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए रोडवेज कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

214 जवानों की तैनाती, दंगा निरोधक उपकरणों और सुरक्षा प्रबंधों की ली जानकारी

जींद पुलिस की दो कंपनियों का आईजी ने किया निरीक्षण

- अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश : आईजी हामिद अख्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हामिद अख्तर ने मंगलवार को जींद का दौरा कर जिले में कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस लाइन में कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए गठित दो पुलिस कंपनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान दंगा निरोधक उपकरणों, सुरक्षा संसाधनों और जवानों की प्रशिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए नियमित अभ्यास करने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक उपासना ने आईजी का स्वागत किया। इसके बाद आईजी ने पुलिस लाइन ग्राउंड में दोनों कंपनियों का निरीक्षण किया और ड्रिल अभ्यास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी जवानों के दंगा निरोधक उपकरण पूरी तरह कार्यशील स्थिति में होने चाहिए। नियमित अभ्यास से पुलिसबल की तैयारियों को मजबूत किया जाए ताकि किसी भी गंभीर परिस्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।





जींद। रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हामिद अख्तर का स्वागत करते हुए एसपी उपासना तथा दंगा निरोधक टीम की जानकारी लेते हुए रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हामिद अख्तर। *फोटो :हरिभूमि*

जिले में दो कंपनियां और दो स्वैट टीमें तैनात

पुलिस अधीक्षक उपासना ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो पुलिस कंपनियां सक्रिय हैं। प्रत्येक कंपनी में 107 जवान और अधिकारी नियुक्त हैं। इसके अलावा दो स्वैट टीमों का गठन किया गया हैए जो कम समय के नोटिस पर ड्यूटी के लिए तैयार रहती हैं। जवानों को आपातकालीन और विषम परिस्थितियों से निपटने का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

संवेदनशील क्षेत्रों और पेट्रोलिंग व्यवस्था की समीक्षा

निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें आईजी ने संवेदनशील क्षेत्रों, सीलिंग प्लान, पुलिस के रिस्पांस टाइम, पेट्रोलिंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया के माध्यम से शांति भंग करने और असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए। आईजी हामिद अख्तर ने कहा कि जनसुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जींद पुलिस किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निपटने के लिए सक्षम और सतर्क है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005